# कक्षा नवीं
# आदर्श प्रश्न पत्र
# हिन्दी

**समयः 3 घण्टें** **पूर्णांकः 80**

**विशेष निर्देशः–**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों मे ही उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
2. उत्तर पुस्तिका में खाली पन्ना/पन्ने मत छोड़िए।
3. प्रश्न पत्र पर दी प्रश्न संख्या क्रमांक को उत्तर पुस्तिका पर उत्तर देते समय लिखें।
4. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड–क (साहित्यिक गद्यांश)

**प्र01. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुवैकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

भारत के गांव भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक हैं। गांव भारतवर्ष की आत्मा हैं और सम्पूर्ण भारत उनका शरीर। शरीर की उन्नति आत्मा की स्वस्थ स्थिति पर निर्भर है। आत्मा के स्वस्थ होने पर ही सम्पूर्ण शरीर में नवचेतना और नवशक्ति का संचार होता है। आज भी भारत की साठ प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में ही बसती है। गांधी जी कहा करते थे ''भारत का हृदय गांवों में बसता है, गांवों की उन्नति से ही भारत की उन्नति हो सकती है। गांवों में ही सेवा और परिश्रम के अवतार किसान बसते हैं।'' अतः भारत की सच्ची झांकी देखनी हो तो गांवों में चले जाइए। भारत की उन्नति नगरों की उन्नति पर नहीं अपितु गांवों की उन्नति पर निर्भर करती है। अतः ग्रामोन्नति का कार्य देशोन्नति का कार्य है।

स्वतन्त्रता से पूर्व गांवों और ग्रामीणों की दशा बड़ी दयनीय थी। निर्धनता, बेरोजगारी और भुखमरी का नग्न–नृत्य होता रहता था। अशिक्षा और अज्ञानता की अग्नि दिन–रात धधकती रहती थी। विश्व के किस अंग ने क्या अंगड़ाई ली, इसके क्या सुपरिणाम और दुष्परिणाम हुए, इन बातों से उनका कोई सम्बन्ध नहीं था। जीवनयापन की स्वस्थ प्रणाली से गांव वाले अपरिचित थे। उनके जीवन में संघर्ष करने के लिए दरिद्रता; अस्वस्थता, अज्ञानता ही बहुत थे। प्रतिवर्ष हजारों अकाल मृत्यु होती थी। महामारी से रक्षा करने के छोटे–छोटे नियम भी उनको समझ नहीं आते थे, न उनके मन में आगे बढ़ने की कोई इच्छा होती थी। अशिक्षा के साथ–साथ ग्रामवासियों की आर्थिक स्थिति की समस्या भी प्रबल थी। अन्याय, अंधविश्वास और अशिक्षा का पूर्ण साम्राज्य था।

इन सब समस्याओं के साथ–साथ वे सम्पूर्ण जीवन ऋण से दबे रहते थे। कृषि की सारी उपज सेठ–साहुकार ले जाते थे। कृषि की दशा भी गिरी हुई थी। भारत का किसान प्रकृति के भरोसे रहता था। वह हल और बैल से खेती करता था। यही नहीं, गांवों में यातायात के साधनों की कमी थी। ग्रामवासियों को पक्की सड़क पर पहुँचने के लिए पंद्रह–पंद्रह किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता था। अधिकांश गांव यातायात के साधनों के अभाव में शहरों से बिल्कुल कटे हुए रहते थे, जिससे उनका जीवन आदिवासियों के जीवन के समान था।

यह सत्य है कि ब्रिटिश शासन काल में गांवों की उपेक्षा की गई। उनके विकास की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया। किन्तु स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से हमारी सरकार गांवों की प्रगति के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। वहां की आर्थिक दशा को सुधारने के लिए कृषि की प्रगति की गई, जिसके फलस्वरूप देश के कृषि उत्पादन में काफी वृद्धि हुई थी। आज स्थिति यह है कि हमारे देश में खाद्यान्नों की कोई कमी नहीं है बल्कि हम खाद्यान्नों का निर्यात भी कर रहे हैं। जो किसान हल और बैल से खेती करता था, वह अब खेती के लिए नए नए साधनों का प्रयोग करता है। हरित क्रान्ति इसका जीता–जागता उदाहरण है। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में गांवों की ओर विशेष ध्यान दिया है। अब प्रायः सभी गांवों में माध्यमिक स्कूल और कस्बों में डिग्री कॉलेज खुल गए हैं। इन कॉलेजों को शहरों के विश्वविद्यालयों से जोड़ दिया गया है, जिससे छात्र स्वतः ही शहरी शिक्षा पा लेते हैं। जिन ग्रामवासियों की सात पीढ़ियां निरक्षर थीं उनके बच्चे अब विदेशों में शिक्षाध्ययन कर रहे हैं। प्रौढ़ शिक्षा की ओर भी सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

(क) भारत के गांव किसके प्रतीक हैं?

(i) कच्ची–पक्की सड़कों के (ii) समस्याओं के
(iii) प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के (iv) ब्रिटिश शासन काल के

Downloaded from cclchapter.com

(ख) भारतवर्ष की आत्मा कौन है?

(i) भारत की भूमि (ii)भारत के गांव

(iii)भारत की आर्थिक स्थिति (iv) भारत की स्वतन्त्रता

(ग) स्वतंत्रता का विलोम शब्द है:–

(i) गुलामी (ii) दासता

(iii) स्वच्छंदता (iv) परतंत्रता

(घ) ग्रामोन्नति का सन्धि विच्छेद है:–

(i) ग्राम + उन्नति (ii) ग्राम + अवनति

(iii) ग्राः + उन्नति (iv) ग्राम + ऊन्नति

(ड) स्वतंत्रता से पूर्व गांवों और ग्रामीणों का दशा कैसी थी?

(च) गांव वाले किससे अपरिचित थे?

(छ) भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या गांवों में बसती है?

(ज) कृषि की सारी उपज कौन ले जाते थे?

(झ) शहरों से दूर रहने के कारण ग्रामवासियों का जीवन कैसा था?

(ञ) जिन ग्रामवासियों की सात पीढ़ियां निरक्षर थीं उनके बच्चे अब क्या कर रहे हैं?

**10 x 1 = 10**

## खण्ड–ख (रचनात्मक)

**प्र02. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200–250 शब्दों में निबन्ध लिखें–**

(क) शिक्षा में खेल–कूद का महत्त्व– भूमिका, खेलों के प्रकार, कार्यक्षमता में वृद्धि, सहयोग की भावना, आत्मविश्वास, उपसंहार।

(ख) विजयदशमी– भूमिका, मनाने का कारण, शस्त्र–पूजन, झांकियां, रामलीलाएं, बुराई पर अच्छाई की विजय, उपसंहार।

(ग) महंगाई– भूमिका, महंगाई के कारण, दोषपूर्ण वितरण व्यवस्था, जमाखोरी, सिंचाई सुविधाओं में कमी, जिम्मेदार कौन, उपसंहार।

(घ) कोरोना वायरस – परिचय, उत्पत्ति, कैसे करें कोरोना से बचाव, उपसंहार।

**1 x 06 = 06**

**प्र03.** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय न आने पर उचित कारण बताते हुए आर्थिक दण्ड क्षमा (जुर्माना–माफ़ी) करवाने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखिए।

अथवा **1 x 05 = 05**

अपने मित्र को छुट्टियों में किसी पर्वतीय स्थल का भ्रमण करने के लिए पत्र लिखिए।

**प्र04.** 14 सितम्बर को विद्यालय में 'हिन्दी–दिवस' मनाया गया। इस सन्दर्भ में सभा के आयोजन का संक्षिप्त प्रतिवेदन लिखिए।

अथवा **1 x 05 = 05**

पिता और पुत्र के बीच गृहकार्य को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखें।

**प्र05** आपके विद्यालय में 'पर्यावरण दिवस' मनाया जा रहा है। इस विषय के बारे में एक सूचना अपने शब्दों में लिखें।

अथवा **1 x 04 = 04**

अपने भाई के 'जन्मदिवस' के अवसर पर एक शुभकामना सन्देश लिखिए।

## खण्ड–ग (व्याकरण)

**प्र06. निम्नलिखित बहुवैकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–**

(क) स्त्रोत के आधार पर शब्द के भेद हैं–

(i) तीन (ii) पांच (iii) छः (iv) चार

(ख) रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं –

(i) चार (ii) आठ (iii) तीन (iv) दो

Downloaded from cclchapter.com

(ग) वाक्य के अंग हैं—

(i) क्रिया और कर्म (ii) शब्द और सहायक क्रिया

(iii) उद्देश्य और विधेय (iv) संज्ञा और सर्वनाम

(घ) सुलोचना' में कौन—सा समास है?—

(i) बहुब्रीहि (ii) कर्मधारय (iii) अव्ययीभाव (iv) द्विगु

(ड) 'समर्पित' शब्द में उपसर्ग हैः —

(i) सः + अर्तित (ii) सः + अर्पित (iii) सम् + अर्पित (iv) समा + अर्पित

(च) 'वह घर आया और उसने भोजन किया' रचना के आधार पर वाक्य हैः—

(i) संज्ञा उपवाक्य (ii) सरल वाक्य (iii) मिश्र वाक्य (iv) संयुक्त वाक्य

(छ) भारतीय संविधान में कितनी भाषाओं को संवैधानिक मान्यता दी गई है?

(ज) 'छात्र' शब्द तत्सम है या तद्भव।

(झ) 'संज्ञा' किसे कहते हैं? एक उदाहरण लिखें।

(ञ) हिन्दी भाषा के लेखन के लिए जो चिह्न प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

(ट) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

(ठ) 'चमकीला' शब्द में .......... प्रत्यय है।

(ड) 'राम पुस्तक पढ़ता है' वाक्य में क्रिया है..........।

(ढ) व्याकरण की परिभाषा लिखें।

(ण) 'लाल' शब्द के दो भिन्नार्थक शब्द लिखें।

(त) 'ब' और 'म' का उच्चारण स्थान बताइए।

**16 x 1 = 16**

## खण्ड—घ (पाठ्यपुस्तकों से)

**प्र07. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

टोपी आठ आने में मिल जाती है और जूते उस जमाने में भी पांच रूपये से कम में क्या मिलते होंगे। जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है और एक जूते पर पच्चीसों टोपियां न्योछावर होती हैं। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडंबना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नहीं चुभी, जितनी आज चुभ रही है। जब मैं तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ।

(क) लेखक के साहित्यिक पुरखे के जमाने में टोपी का क्या मूल्य था?

(i) चार आना (ii) पांच आना (iii) आठ आना (iv) एक रूपया

(ख) गद्यांश के लेखक का नाम हैः—

(i) प्रेमचन्द (ii) महादेवी वर्मा (iii) हरिशंकर परसाई (iv) जयशंकर प्रसाद

(ग) लेखक को क्या बात चुभ रही है?

(i) जूते का मंहगा होना (ii) टोपी का महंगा होना

(iii) साहित्यिक पुरखे का फटा जूता देखना (iv) महंगाई का बढ़ना

(घ) जूते पर पच्चीसों टोपियां न्योछावर से क्या तात्पर्य है?

(ड) उपरोक्त गद्यांश का शीर्षक क्या है?

(च) लेखक का साहित्यिक पुरखा किस का मारा हुआ है?

(छ) टोपी और जूते में से किस का मूल्य अधिक था?

अथवा

कल भारत में भी यह संभव हो। अमरीका में आज जो हो रहा है, कल वह भारत में भी आ सकता है। प्रतिष्ठा के अनेक रूप होते हैं। चाहे वे हास्यास्पद ही क्यों न हों। यह है एक छोटी—सी झलक उपभोक्तावादी समाज की। यह विशिष्ट जन का समाज है पर सामान्य जन भी इसे ललचाई निगाहों से देखते हैं।

(क) किसके अनेक रूप होते हैं?

(i) अप्रतिष्ठा के (ii) भारत के (iii) प्रतिष्ठा के (iv) समाज के

(ख) 'विशिष्ट' शब्द का विलोम शब्द हैः—

(i) महत्त्वपूर्ण (ii) सामान्य (iii) अशिष्ट (iv) प्रतिष्ठित

Downloaded from cclchapter.com

(ग) 'हस्यास्पद' का अर्थ हैः–

(i) मजाक का विषय (ii) बातचीत का विषय

(iii) प्रसिद्धि का विषय (iv) लालच का विषय

(घ) लेखक किस बात की संभावना की बात कर रहा है?

(ड) सामान्य जन ललचाई निगाहों से किसे देखते हैं?

(च) लेखक ने उपभोक्तावादी समाज की कौन सी झलक प्रस्तुत की है?

(छ) उपरोक्त गद्यांश के लेखक का नाम लिखें।

**7 x 1 = 7**

**प्र08. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

रस्सी कच्चे धागे की, खींच रही मैं नाव।
जाने कब सुन मेरी पुकार, करें देव भवसागर पार।
पानी टपके कच्चे सकोरे, व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे।
जी में उठती रह रह हूक, घर जाने की चाह है घेरे।।

(क) उपरोक्त पद्यांश की रचयिता हैः–

(i) महादेवी वर्मा (ii) मृदुला गर्ग (iii) ललद्यद (iv) मीराबाई

(ख) 'हूक' शब्द का अर्थ हैः–

(i) पीड़ा (ii) आवाज (iii) खुशी (iv) हांकना

(ग) कवयित्री ने 'नाव' शब्द का प्रयोग किया हैः–

(i) नौका के लिए (ii) बर्तन के लिए

(iii) जीवन के लिए (iv) सांस के लिए

(घ) कवयित्री किस 'घर' में जाना चाहती है?

(ड) कवयित्री ने 'रस्सी कच्चे धागे की' का प्रयोग किस संदर्भ मे किया है?

(च) कवयित्री के हृदय में बार–बार हूक क्यों उत्पन्न होती है?

(छ) कवयित्री किससे पुकार लगा रही है?

अथवा

फैली खेतों मे दूर तलक
मखमल की कोमल हरियाली
लिपटी जिससे रवि की किरणें
चांदी की सी उजली जालीं।
तिनकों के हरे–हरे तन पर
हिल हरित रूधिर है रहा झलक,
श्याम भू तल पर झुका हुआ
नभ का चिर निर्मल नील फलक।

(क) कवि का नाम हैः–

(i) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (ii) माखनलाल चुतर्वेदी

(iii) रामधारी सिंह दिनकर (iv) सुमित्रानंदन पंत

(ख) 'फलक' शब्द का अर्थ हैः–

(i) आकाश (ii) पाताल (iii) गहरा (iv) फल

(ग) सूर्य की किरणों में क्या लिपटा हुआ है?

(i) हरित रूधिर (ii) निर्मल नील

(iii) चांद की उजली जाली (iv) मखमली चादर

(घ) खेतों में फैली हरियाली कैसी दिखाई देती है?

(ड) हरे–भरे तिनकों में क्या झलकता प्रतीत होता है?

(च) नीला आकाश किस पर झुका हुआ है?

(छ) धरती का तल कैसा प्रतीत हो रहा है?

**7 x 1 = 7**

Downloaded from cclchapter.com

प्र09. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

(क) कबीर ने ईश्वर को 'सब स्वासों की स्वांस में' क्यों कहा है?

(ख) आपके विचार से कवि पशु: पक्षी और पहाड़ के रूप में भी कृष्ण का सान्निध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है?

(ग) किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों?

(घ) लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों?

**3 x 2 = 6**

प्र010. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

(क) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

(ख) 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर बताइए कि अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

(ग) बालिका मैना जड़ पदार्थ मकान को क्यों बचाना चाहती थी और अंग्रेज उसे क्यों नष्ट करना चाहते थे?

(घ) 'मेरे बचपन के दिन' पाठ् के आधार पर बताइए कि लेखिका उर्दू–फारसी क्यों नहीं सीख पाई?

**3 x 2 = 6**

प्र011. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

(क) 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखक ने बच्चन के व्यक्तित्व के किन–किन रूपों को उभारा है? पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर बताइए कि कैसे आपदाएं हमारे जीवन के प्रभावित करती हैं? ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए।

**2 x 4 = 8**

******************

Downloaded from cclchapter.com